**सं.ई-25013/4/2020-हिंदी/1222 – 1298**

**भारत सरकार**

**जल शक्ति मंत्रालय**

**जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग**

**केंद्रीय जल आयोग**

**हिंदी अनुभाग**

906(द.) सेवा भवन,
आर.के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
दिनांकः 22 जुलाई, 2021

**सेवा में,**

1. अधीनस्थ कार्यालयों के सभी मुख्य अभियंता कार्यालय, परिमंडल/मंडल/प्रबोधन/मूल्यांकन निदेशालय, केन्द्रीय जल आयोग
2. सभी शाखा अधिकारी, समन्वय निदेशालय/सभी निदेशालय (मुख्यालय), केन्द्रीय जल आयोग

**विषय : केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए राजभाषा शील्ड योजना (वर्ष 2020-2021) के संबंध में**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि केंद्रीय जल आयोग (मुख्यालय) द्वारा चलाई जा रही राजभाषा शील्ड योजना के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष आयोग के निदेशालयों/अनुभागों और अधीनस्थ कार्यालयों को संघ की राजभाषा नीति एवं नियम के बेहतर अनुपालन तथा राजभाषा हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने पर राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया जाता है। इस योजना के तहत मुख्य अभियंता कार्यालय, परिमंडल, मंडल, प्रबोधन-मूल्यांकन निदेशालयों और मुख्यालय के सभी निदेशालयों तथा अनुभागों से जून, सितम्बर, दिसम्बर, 2020 और मार्च, 2021 की चारों तिमाहियों की समेकित रिपोर्ट के आधार पर शील्ड प्रदान की जाती हैं।

इस संबंध में निम्न बिन्दुओं के अनुसार कार्यवाई करें :-

(क) मुख्यालय के जो निदेशालय/अनुभाग वर्ष 2020-21 की शील्ड योजना में भाग लेने के इच्छुक हैं वे अपनी 2020-21 की चारों तिमाही रिपोर्ट (जून से दिसम्बर, 2020 (भाग-I) एवं मार्च, 2021 की रिपोर्ट के साथ भाग-II सहित) की प्रतियां सीधे ही हिंदी अनुभाग के.ज.आ. (मुख्यालय) को भेजें।

(ख) जो क्षेत्रीय कार्यालय (मुख्य अभियंता कार्यालय, परिमंडल, मंडल, प्रबोधन-मूल्यांकन निदेशालयों सहित) वर्ष 2020-21 की शील्ड योजना में भाग लेने के इच्छुक हैं वे अपनी 2020-21 की चारों तिमाही रिपोर्ट (जून से दिसम्बर, 2020 (भाग-I) एवं मार्च, 2021 की रिपोर्ट के साथ भाग-II सहित) की प्रतियां सीधे ही हिंदी अनुभाग, के.ज.आ. (मुख्यालय) को **hindisec-cwc@gov.in** पर भेजें।

अतः योजना मे भाग लेने के इच्छुक सभी कार्यालयों से अनुरोध है कि वे उक्त अपेक्षित रिपोर्टें दिनांक **27 जुलाई, 2021** तक अवश्य भिजवा दें।

भवदीया,

24/7/2021

(रजिन्दर पाल)
उपनिदेशक(रा.भा.)
दूरभाष: 011 29583720